# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# सीमा पर अब 24 घंटे नियमित गश्त जारी रहेगी

**पैनी नजर**

## भारत नेपाल बार्डर पर 24 घंटे निगरानी रख रही एसएसबी



सांकेतिक चित्र।

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। नेपाल सीमा पर अवैध घुसपैठ और गतिविधियों पर नजर रखने के लिए एसएसबी और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त रूप से अभियान चलाया है। सीमा पर अब 24 घंटे नियमित गश्त जारी रहेगी। 55वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ऐंचोली के कार्यवाहक सेनानी रवींद्र कुमार राजेश्वरी के नेतृत्व में सीमा पर अवैध आवाजाही, तस्करी पर पैनी नजर रखने के लिए बल और पुलिस जवानों द्वारा संयुक्त अभियान जारी कर दिया गया है। इस दौरान नेपाल सीमा से लगे तल्लाबगड़ के घिंघरानी पुलिस चौकी के जवानों के साथ सघन अभियान चलाया गया।

इस दौरान सेनानी ने स्थानीय ग्राम प्रधानों के साथ बैठक की। बैठक में ग्राम प्रधान बगड़ीहाट रवि चंद,रणवा के प्रधान चंद्रकला बोरा, प्रधान तीतरी भूपेंद्र टम्टा, प्रधान द्वालीसेरा प्रेम राम, प्रधान घिंघरानी ललित सिंह खड़ायत, प्रधान डोडा नरेंद्र सिंह के साथ बैठक की। इस मौके पर सीमा पर काली नदी के रास्ते टायरट्यूब से होने वाली अवैध आवाजाही पर चर्चा की गई। सेनानी ने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से सीमा पर जवानों द्वारा चौबीस घंटे निगरानी की जा रही है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से इस तरह की घटना नजर अने पर इसकी सूचना तत्काल एसएसबी की चौकी को देने को कहा। ग्राम बगड़ीहाट में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत सेनानी श्री राजेश्वरी ने ग्रामीणों को खेल सामग्री, सोलर लाइट और बर्तनों का वितरण किया। भारत नेपाल के बीच बढते तनाव को देखते हुए एसएसबी अधिक सतर्क होकर सीमा पर मुस्त्तैदी से जुटा हुआ है। भारत नेपाल की खुली सीमा पर एसएसबी निगरानी करती है। आजकल एसएसएबी अधिक सतर्क है।

## न्यूज डायरी :

### प्लास्टिक हटाओ पर्यावरण बचाओ नारे के साथ लोगों को बांटे कपड़ों के थैले

**संवाददाता** देहरादून। लायंस क्लब देहरादून शिवालिक ग्रीन के तत्वावधान में स्वच्छ दून सुंदर दून एवं प्लास्टिक हटाओ पर्यावरण बचाओ नारे के साथ पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए लोगों व राहगीरों को प्लास्टिक के थैलों के बजाय कपड़ों के थैलों का वितरण किया गया। डिस्पेंसरी रोड पर कपड़ों के थेलो का वितरण राहगीरों को किया और प्लास्टिक का प्रयोग पूर्ण रूप से बंद करने की अपील की गई। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट द्वारा लोगों को प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया और भविष्य में कपड़ों के थेलो का इस्तमाल ही करने के लिए समझाया गया।

### जे पी नड्डा एवं महामंत्री संगठन प्रभारी अरुण कुमार सिंह से मिले रामकुमार वालिया

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा नेता व भारतीय सर्व समाज महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामकुमार वालिया ने आज यहां भाजपा मुख्यालय नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सम्मानित जे पी नड्डा, महामंत्री एवँ संगठन प्रभारी अरुण कुमार सिंह से मुलाकात की। इस अवसर पर रामकुमार वालिया द्वारा दोनों नेताओं को संस्था द्वारा चलाये जा रहे जन हित के कार्यों से अवगत कराया तथा संस्था द्वारा बनवाई गई प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कोरोना से बचाव सुरक्षा किट एवँ दीपावली का उपहार भी दोनों नेताओं को भेंट किया। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने संस्था के कार्यों की सराहना की तथा रामकुमार वालिया से भविष्य में भी भाजपा एवँ संस्था के माध्यम से लोगों की सेवा में समर्पित रहने का आहवान किया।

### ओलंपस हाई स्कूल ने मनाया वर्चुअल स्पोर्ट्स एक्टिविटी डे, परिणाम किये घोषित

**संवाददाता** देहरादून। ओलंपस हाई स्कूल ने आज स्कूल परिसर के भीतर पहला वर्चुअल स्पोर्ट्स एक्टिविटी डे मनाया। इस अवसर पर कोविड–19 महामारी के कारण छात्रों ने ऑनलाइन माध्यम से कार्यक्रम में बड़े उत्साह से भाग लिया।
इस अवसर पर वर्चुअल स्पोर्ट्स एक्टिविटी डे के परिणामों की घोषणा की गई जिसमे बैलून बैलेंसिंग रेस' में मुदिता वार्ष्णेय और आरव ध्यानी ने पहला स्थान हासिल किया, अनन्या सिंह ने एक्सप्लोर द ट्रैक' में पहला पुरस्कार जीता, कानन ने श्ड्रेस अप रेस' में पहला स्थान हासिल किया, रणवीर को बिग फुट रेस' में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हर्षित यादव ने वाटर बॉटल रेस में पहला स्थान हासिल किया, सुहानी थापा ने श्कलेक्टिंग द बॉल्स में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया, इशिता जम्वाल को टाईइंग शू लेस में प्रथम पुरस्कार के साथ प्रस्तुत किया गया।

## विभाग व ठेकेदार के घालमेल का है पुख्ता प्रमाणः मर्तोलिया

**संवाददाता** पिथौरागढ़। मुनस्यारी के ग्राम पंचायत मल्ला घोरपट्टा में बस स्टैंड पर पार्क का सौन्दर्यीकरण का कार्य पचास प्रतिशत हो गया है। अब कार्यदायी संस्था ने इस कार्य की निविदा आंमत्रित कर नया विवाद पैदा कर दिया है। जिपं सदस्य जगत मर्तोलिया ने जिलाधिकारी से मिलकर इसकी शिकायत की। कहा कि विभाग व ठेकेदार के घालमेल का यह पुख्ता प्रमाण है।

सरकारी धन का दुरुप्रयोग करने के लिए ये सब किया जा रहा है। ग्रामीण निर्माण विभाग की डीडीहाट इकाई बस स्टैंड का सौन्दर्यीकरण सुरक्षात्मक कार्य कर रही है। यह मामला तब चर्चित हुआ जब पचास प्रतिशत निर्माण कार्य हो जाने के बाद विभाग ने इसकी निविदा आंमत्रित की है। आज इस मामले को जिपं सदस्य मर्तोलिया ने मुनस्यारी से आकर जिलाधिकारी डां विजय कुमार जौगदंडे के सम्मुख उठाया। मर्तोलिया ने बताया कि विभाग के जेई को मौके पर पूछा तो वह योजना की लागत आठ लाख पचास हजार रुपये बता रहा था, लेकिन जब विज्ञापन जारी हुआ तो पता चला कि योजना तो 26 लाख 74 हजार रुपये की है।

सरकारी नियमो के अनुसार पहले निविदा आंमत्रित की जाती है उसके बाद ठेकेदार के साथ अनुबंध होने के बाद निर्माण कार्य शुरु होना चाहिए, लेकिन इस विभाग का ठेकेदार के साथ इतना गहरा घालमेल है कि बिना निविदा के ही ठेकेदार ने कार्य शुरु कर दिया है।



## कोरोना को लेकर पुरोला में पुलिस ने निकाली जागरूकता रैली

**संवाददाता** पुरोला। कोरोना महामारी को लेकर मास्क व सामाजिक दूरी जरूरी के प्रचार प्रसार व जागरूकता को लेकर थाना अध्यक्ष प्रदीप तोमर के नेतृत्व में पुलिस ने शनिवार को मुख्य बाजार पुरोला,तहसील रोड कुमोला रोड पर बैनर व पोस्टर लेकर जागरूकता रैली निकाली तथा लोगों को परचे बांटकर मास्क व सामाजिक दूरी रखने को जरूरी बताया ताकि महामारी से का मुकाबला किया जा सके साथ लोगों से लापरवाही न बरतने की अपील की। रैली में चौकी प्रभारी साहिल वशिष्ठ,एसआइ शशी राणा,भावना,कुंवर सिंह, सुनील जयाडा,निखिल शर्मा आदि पुलिस कर्मी शामिल थे।

## चार सदस्यीय राजस्व पुलिस टीम खोजबीन को गंगाड रवाना

**संवाददाता**

पुरोला। मोरी बडासु पटी गंगाड गांव की दो सगी बहनें बीते दिन से लापता हैं,दोनों गांव के ही जंगल में लकडी लेने गई थी,परिजन–ग्रामीण तीन दिन से तलाश में जुटे हैं किंतु दोनों का कोई पता नहीं चल पाया वहीं ग्रामीणों को दोनों बहनों के जंगली जानवरों के हत्थे चढ़नें का अंदेशा लग रहा है।

परिजनों ने अब तीन दिन से लापता युवतियों की खोजबीन को राजस्व पुलिस, रेगुलर पुलिस से सहायता की गुहार लगाई है। लापता युवतियों के पिता सैंजराम ने बताया कि निर्मला 11 शर्मीला 12 वर्ष बीते मंगलवार को जंगल में लकडी लेने गई थी किंतु देर



मोरी बडासु पटी गंगाड गांव की दो सगी बहनें बीते दिन से लापता

सांय तक भी जब दोनों बहनें घर नहीं लोटी तो ग्रामीणों के साथ रात भर जंगल व गदेरों में खोज बीन की पर दोंनों का कोई पता नहीं चला।
बुधवार, गुरूवार व शुक्रवार को परिजनों समेत दर्जनों ग्रामीण जंगल,नदी व गदेरों में खोजबीन में जुटेते रहे पर दोनों बहनों के जिंदा मुर्दा होने का कोई सुराग नहीं मिला। ग्रामणों को अंदेशा है कि कहीं दोनों बहनों को जंगली जानवरों के हत्थे न चढ़ गई हो। सैंजराम ने बताया कि ग्रामीणों के साथ तीन दिन से लगातार दिन रात खोजबीन करनें के बाद भी कोई सुराग न मिलने पर शुक्रवार तहसीलदार मोरी से खोजबीन को पुलिस टीम भेजनें की गुहार लगाई है।

उधर तहसीलदार मोरी चमन सिंह ने बताया कि गंगाड की दो बहनों के लापता होने के बारे में शुक्रवार देर सांय को गांव के राजपाल सिंह रावत ने सूचना दी है,शनिवार को राजस्व उपनिरीक्षक के नेतृत्व में चार सदस्यीय टीम युवतियों की खोजबीन को गंगाड भेजा गया है।

## प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाये जाने पर जोर

**संवाददाता** देहरादून। जागरूक बनो आवाज उठाओ संगठन के संयोजक यशवीर आर्य ने कहा है कि इस बार प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाये जाने की आवश्यकता है और इसके लिए सभी को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि दीपावली की खुशियाँ केवल प्रदूषण फैलाने बाली आतिशबाजी से ही नही होती,इसके लिये और भी अनेक साधन हैं जिनसे हम अपनी दीपावली को और अधिक रोचक बना सकते हैं। पिछले सात माह से पूरा संसार कौरोना वायरस कोविड 19 की महामारी से जूझ रहा है जिसके कारण हर व्यक्ति आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि अनेक लोगों के पास दीपावली मनाने के लिये पर्याप्त धन भी नही है। उन्होंने जनता से अनुरोध है कि कम से कम आतिशबाजी पर अपव्यय राशि के बराबर धन से लक्ष्मी, गणेश की मूर्ति, खील, खिलोने, बताशे,दीपक, तेल आदि जैसे वस्तुयें जरूरतमंद लोगों में वितरित करके अपनी दीपावली के साथ उनकी दीपावली करें और पर्यावरण का संरक्षण करें।